राजस्थान संस्कृत अकादमी द्वारा तैयार श्रव्य-दृश्य रिकॉर्डिंग का हुआ लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

- 3 अक्तूबर, 2023 को राजस्थान के कला, साहित्य एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने अपने राजकीय आवास पर राजस्थान संस्कृत अकादमी के तत्वावधान में वेद संरक्षण योजनांतर्गत अकादमी द्वारा अथर्ववेद एवं सामवेद की संपूर्ण संहिता की श्रव्य-दृश्य प्रस्तुति (रिकॉर्डिंग) का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- इस रिकॉर्डिंग को जनसामान्य के लिये सोशल मीडिया वेबसाइट पर प्रसारित किया जाएगा। इसका उद्देश्य वेदों में निहित जन-कल्याण की भावना को जन-जन तक पहुँचाना है एवं वेद पाठ की लुप्त होती स्वर पाठ परंपरा को संरक्षित रखना है।
- इस मौके पर डॉ. सरोज कोचर, अध्यक्ष संस्कृत अकादमी ने वेदों की गुरु परंपरा के संरक्षण हेतु अकादमी द्वारा इस वर्ष बजट घोषणा-23 के अंतर्गत 10 नवीन ज़िलों में वेदाश्रम खोले जाने की जानकारी दी तथा यह भी बताया कि वर्तमान में राज्य के 45 वेदाश्रम अकादमी द्वारा संचालित किये जा रहे हैं।
- अकादमी निदेशक डॉ. राजकुमार जोशी ने बताया कि अकादमी द्वारा निम्बाहेड़ा में चारों वेदों की 11 शाखाओं के अध्ययन को अकादमी स्तर पर प्रारंभ कराए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/audio-visual-recording-prepared-by-rajasthan-sanskrit-academy-inaugurated